तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 8 मई 2026

279 आंगनबाड़ी के पास नहीं खुद का भवन किराए पर ... 12



अर्जुनी में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित ... 14






## खबर संक्षेप

### न्यायालय में मामला विचाराधीन, फिर भी मकान तोड़ने की तैयारी का आरोप

**गुरूर।** ग्राम पंचायत धोबनपुरी में पंचायत की मनमानी से ग्रामीण परेशान है। जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है और इधर पंचायत बलपूर्वक मकान को तोड़ने की तैयारी कर रही है। ग्राम पंचायत धोबनपुरी में पंचायत पर आरोप है कि वह ग्राम के ईश्वर राम साहू, घसिया राम एवं धूरसिंह धनकर पर शासकीय भूमि पर कब्जा कर मकान बनाने का आरोप लगाकर उसे तोड़ने की तैयारी कर रही है। जबकि उनका प्रकरण एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है, वही नायब तहसीलदार के कार्यालय में व्यवस्थापन का मामला भी विचाराधीन है। वही कलेक्टर न्यायालय में रिविजन का आवेदन लगा हुआ है। मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बाद भी पंचायत द्वारा उनके मकानो को तोड़ने की कार्यवाही कर रही है। जबकि ग्राम में दर्जनो अन्य मामले है जहां ग्रामीणो ने अतिक्रमण कर रखा है। पंचायत पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए पीड़ितो ने ग्राम अर्जुनी में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में आवेदन देने का प्रयास किया लेकिन वे विभिन्न कारणो से आवेदन नही दे सके। नायब तहसीलदार रमेश कुमार मंडावी ने कहा इनका मामला न्यायालय में विचाराधीन है। सरपंच ग्राम पंचायत धोबनपुरी प्रभा साहू ने कहा कि इनका मामला न्यायालय में विचाराधीन है इसकी जानकारी हमे नही है।

### पति और भतीजे पर मारपीट का आरोप



**बालोद।** पति द्वारा गाली गलौज व मारपीट करने पर पत्नी ने पति व भतीजे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम गंधरी थाना सुरेगांव निवासी लक्ष्मी निषाद पति गंगा राम निषाद 34 वर्ष ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में बायपास ब्रज विहार राजनांदगांव के रहती हूं, मैं अपने पति गंगा राम निषाद एवं अपने बच्चों के साथ ग्राम गंधरी में अपने जेठ पूरन लाल निषाद की लड़की तारणी निषाद के शादी में शामिल होने 28 अप्रैल आई एवं रात में ग्राम गंधरी में रूकी हुई थी रात में पति से चर्चा के दौरान दोनो का बहस हुआ, मेरा पति मुझे गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किया, तभी डामेश्वर निषाद उर्फ दादू आया और वह भी मुझे गाली गलौच दिए एवं हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट किए जिससे मेरा बांया पैर, दाहिने हाथ में चोट आई है मारपीट करने के दौरान रात्रि में मेरा झुमका वहीं पर गिर गया।



3.50 लाख की लागत से बना शौचालय, पानी व्यवस्था के बाद खुली अनियमितताओं की पोल

## सार्वजनिक शौचालय में नहीं लगा वाश बेसिन, पंचायत की कार्यशैली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत हसदा में बने सार्वजनिक शौचालय में पानी की व्यवस्था कर पंचायत ने आम जनता के लिए खोल दिया। लेकिन हड़बड़ी में पंचायत ने शौचालय में वाश बेसिन लगाना भूल गई।

ग्राम पंचायत हसदा में एस.बी.एम मनरेगा तथा 15वें वित्त के तहत 3:50 लाख की लागत से सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया गया है। कार्य को पूर्ण बताकर पंचायत ने शासन प्रशासन को गुमराह किया। मामले में 20 अप्रैल को समाचार प्रकाशन के बाद पंचायत ने पानी की व्यवस्था कर उसे खोल दिया।

शौचालय का दरवाजा खुलते ही शौचालय में की गई अनियमित्ता भी खुलकर सामने आ गई। आरोप है कि पंचायत ने राशि बचाने के लिए उसमे वास बेसिन ही नही लगाया। ग्रामीणो ने बताया कि सार्वजनिक शौचालय के पुरूश एवं महिला दोनो खण्ड में वाश बेसिन नही लगाया गया है।

### स्वच्छता दरकिनार

यहां तक बताया जा रहा है कि उसमे वास बेसिन के लिए नल का प्वाइंट भी नही दिया गया है। स्वच्छता का संदेश देने व आम जन को स्वच्छता अपनाने कहने वाली पंचायत ने यहां स्वच्छता को दरकिनार किया है। जब वाश बेसिन ही नही रहेगा तो आम जनता शौच जाने के बाद हाथ कहां धोएंगे।

### शिकायत मिली

शौचालय का टाईल्स व सीढ़ी में भी दरार दिखने लगा है। वही यहां उपयोग किए गए सामग्री का गुणवत्ता पर भी सवार उठाए जा रहे है। मामले में शौचलय में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता की जांच की मांग उठने लगी है। उपअभियंता व्यास नारायण साहू ने कहा शिकायत मिली है। अभी मूल्यांकन पूरा नही हुआ है यदि कोई त्रुटि होगी तो सुधार लिया जाएगा। वहां वाश बेसिन भी लगा दिया जाएगा।

परेशानी : लाखों योजना अधूरी, आधे घरों तक नहीं पहुंचा पानी

## समस्या निवारण शिविर वाले ग्राम अर्जुनी में ही जल संकट 45 माह बाद भी अधूरी पड़ी जल जीवन मिशन योजना







### कार्य अधूरा

पानी टंकी निर्माण स्थल के पास भी कार्य अधूरा है, जो कार्य हुए है उनमे भी दरारे दिख रही है टंकी के पास बड़े बड़े गढ्ढे है जो दुर्घटना का कारण बन सकते है, सरपंच ग्राम पंचायत अर्जुनी हेमलता साहू ने कहा ठेकेदार ने टंकी के साथ बोर खनन नही किया है, टंकी के पास भी कार्य अभी भी अधूरा है। मै विभाग को लगातार सूचित कर कार्य कराने का प्रयास कर रही हूं। एस.डीओ पीएचई एसके. वर्मा ने कहा हम ठेकेदार को पत्र लिखकर कार्य करवाने का लगातार प्रयास कर रहे है।

**गुणवत्ता पर भी ग्रामीणों ने उठाए सवाल**

पंचायत द्वारा लगातार निर्माण संस्था लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग को कार्य अधूरा होने की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीणो ने बताया ग्राम के लगभग आधे घरो में अब तक नल कनेक्शन ठीक से नही पहुंचा है, 100 से अधिक घरो मे कनेक्शन पूरा नही हुआ है। ग्रामीण एवं पंचायत ने बताया पाईप लाईन का कार्य अधूरा है, पाईप की गुणवत्ता पर भी ग्रामीण सवाल उठा रहे है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम अर्जुनी में 20 पंचायत क्षेत्र का समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया लेकिन स्वयं अर्जुनी पंचायत समस्याओ से घीरी है, विभाग के आला अधिकारी पहुंचे लेकिन समस्या के समाधान नही हो सका। समस्या का समाधान कब तक होगा यह भी विभाग के लोग नही बता सके। लगभग 1500 की आबादी वाले ग्राम अर्जुनी में जल जीवन मिशन अंतर्गत 104.26 लाख रूपये स्वीकृत हुए।

15 सितंबर 2022 को कार्य प्रारंभ हुआ, जिसे 9 माह में बन जाना था, लेकिन कार्य की गति इतनी धीमी है कि 45 माह बाद भी नही बन सका। ग्राम के लगभग आधे घरो में पानी नही पहुंच रहा हैं। ग्रामीण अभी भी पंचायत के बोर से मिलने वाले पानी पर निर्भर है जो पर्याप्त नही मिल पा रहा है।

### दो माह से बंद पड़ी पानी टंकी, पेयजल संकट से जूझ रहे डगनिया के ग्रामीण

■ सरपंच से पानी टंकी चालू कराने और सफाई व्यवस्था सुधारने की मांग

**अंडा।** गुण्डरदेही ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत डगनिया में मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गांव की पानी टंकी पिछले दो माह से बंद पड़ी है, जिसके कारण ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी टंकी बंद होने से उन्हें दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। वहीं गांव की नालियां कचरे से भरी हैं, जिससे गंदगी फैल रही है और बीमारी का खतरा बना हुआ है। इस मामले को लेकर शिकायतकर्ता पूर्व जनपद सदस्य एवं पूर्व सेवा सहकारी समिति गुरेदा अध्यक्ष भरत चंद्राकर ने पंचायत प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीण निरंजन, धनीराम, शुकुलदास, कमलेश, खिलेश और बिरेन्द्र साहू सहित अन्य लोगों ने भी जल्द से जल्द पानी टंकी चालू कराने एवं नालियों की सफाई कराने की मांग की है। गांव के सरपंच जोतेश्वरी साहू से भी ग्रामीणों ने समस्या के निराकरण की अपील की है।





### स्वामित्व योजना से किसान गोपाल राम को मिला मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान ग्राम छेड़िया के कृषक गोपाल राम साहू को स्वामीत्व योजना के अंतर्गत अधिकार अभिलेख प्राप्त होने से उन्हें उनके आवासीय भूमि का मालिकाना हक प्राप्त हो गया है। शिविर में अधिकार अभिलेख प्राप्त करने के पश्चात किसान गोपाल राम बहुत ही अभिभूत नजर आ रहे थे। ग्राम अर्जुनी में आज आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से उन्हें प्राप्त अधिकार अभिलेख से अब उनके लिए आवासीय ऋण एवं अन्य सुविधाओं के लाभ लेने हेतु मार्गप्रशस्त होने पर किसान गोपाल राम बहुत ही प्रसन्नचित एवं गदगद नजर आ रहे थे। शिविर में आज अधिकार अभिलेख प्राप्त होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कृषक गोपाल राम ने कहा कि अब वे इस अधिकार अभिलेख के माध्यम से आवासी ऋण लेकर अपने सपने का आशियाना भी बना सकेंगे। जो उनके जैसे अनेक निम्न मध्यम वर्गीय किसानों के लिए एक बड़े सपने का साकार होने जैसा है। केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना की सराहना करते हुए किसान गोपाल राम ने कहा कि इस योजना के माध्यम से सरकार हम जैसे निम्न मध्यम वर्गीय कृषकों को अपने जमीन का मालिकाना हक प्रदान करने के अलावा हमारे एवं हमारे परिवार के लिए एक सुंदर घर का निर्माण करने के सपने को हकीकत में बदलने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किया है।



### घीना में आज जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल घीना में 08 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। घीना में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में पापरा, बुन्देली, रानीतराई कि, किसना, सिंगारपुर, भालूकोन्हा, हड़गहन, भुरकाभाट, मनकी क, केवट नवागांव, सुरेगांव, और हथौद के ग्रामीण शामिल होंगे।

## संधारण अवधि में ही बदहाल हो रहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ संधारण अवधि में जर्जर सड़कें बनी दुर्घटना का कारण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़के संधारण अवधि में ही बदहाल हो रही है। विभाग ठेकेदार से बदहाल सड़को के संधारण कराने में नाकाम नजर आ रहा है।

लगातार मामला सामने आने के बाद भी ठेकेदार सड़को की मरम्मत करने तैयार नही दिख रहा है। बीते एक माह में विकास खण्ड की कई सड़को के खराब होने का मामला सामने आ चुका है। जिनमे ग्राम कंवर से दियाबाती मार्ग, ग्राम पलारी मुख्य सड़क से भिरई मार्ग, ग्राम दर्रा से सरबदा मार्ग के उखड़ने, दबने, फटने, झाड़ियो की सफाई नही होने जैसी शिकायते सामने आ चूकी है।

मामले में अधिकारियो का दावा है कि सड़के संधारण अवधि मे है। ठेकेदार से मरम्मत कराया जाएगा। लेकिन शासन प्रशासन का ध्यान इसकी ओर आकृष्ट कराने के महीना भर बाद भी इन सड़को का मरम्मत कार्य प्रारंभ नही हो सकता है। ग्राम कंवर से दियाबाती सड़क की मरम्मत कार्य जरूर आरंभ हुआ था, लेकिन मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर ठेकेदार चला गया। कंवर से दियाबाती सड़क आज भी बदहाल स्थिति में है, एवं राहगिरो के लिए दुर्घटना का कारण बन रही है। संधारण अवधि में रहने के बाद भी ठेकेदार द्वारा सड़को का संधारण नही किया जाना विभाग की कार्य कुशलता एवं कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है। सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या ठेकेदार अधिकारियो की नही सुन रहे है या अधिकारी ठेकेदारो को संधारण करने के लिए कह नही पा रहे है। बहरहाल मामला जो भी हो भुगतना आम जनता को पड़ रहा है। मामले में उप ▶▶| शेष पेज 13 पर

## क्षेत्र के जंगलों में अवैध कटाई का मामला, 120 पेड़ों की कटाई की पुष्टि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर से लगभग 5 से 10 किलोमीटर दूर स्थित रायगढ़, करियागोंदी और मडियाकट्टा क्षेत्र के जंगलों में हरे-भरे एवं कीमती पेड़ों की अवैध कटाई का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि बिचौलियों जंगलों का तेजी से विनाश किया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में कभी घना जंगल हुआ करता था, वहां अब केवल कटे हुए पेड़ों के ठूंठ दिखाई दे रहे हैं। कई स्थानों पर पेड़ों को काटकर निजी कृषि भूमि बनाने के मामले भी सामने आए हैं।

धर्मेंद्र निषाद ने आरोप लगाया कि लोहारटोला क्षेत्र की कृषि भूमि में सागौन, साजा, बीजा, कुसुम, महुआ, तेंदू सहित करीब 120 पेड़ों की अवैध कटाई की गई है। उन्होंने कहा कि कुछ किसान जंगल काटकर कृषि भूमि व निजी प्लांटेशन तैयार करने में लगे हैं। मौके पर लकड़ियों से भरे दो ट्रैक्टर भी खड़े मिले, जिन्हें जब्त कर थाने के सुपुर्द किया गया। इधर ग्रामीणों का कहना है कि यदि अनुमति के बाद पेड़ काटे जा रहे हैं, तो उनका परिवहन किसके आदेश पर और कैसे किया जा रहा है, इसकी भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। क्षेत्रवासियों ने जंगलों में सक्रिय लकड़ी तस्करों एवं संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### कार्रवाई जारी

इस मामले में प्रभारी रेंजर हेमलता पड़ो देव ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद स्थल निरीक्षण किया गया। मौके पर लकड़ियों से भरे दो ट्रैक्टर पाए गए, जिन्हें जब्त कर थाने में रखा गया है। उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी राजस्व विभाग को भेज दी गई है तथा आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

**-प्रभारी रेंजर,** हेमलता पड़ो देव

### हुई पुष्टि

तहसीलदार एच आर नायक ने बताया कि वन विभाग से मिली सूचना पर ग्राम लोहारटोला में मौके का निरीक्षण किया गया। जांच में कृषि भूमि से विभिन्न प्रजाति के लगभग 120 पेड़ों की कटाई की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि भूमि मालिक का मुख्य व्यवसाय मजदूरी है, लेकिन बड़ी संख्या में पेड़ काटे जाने से मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है।

**- एच.आर. नायक,** तहसीलदार

निर्धारित समय से पहले शत-प्रतिशत शुद्धता के साथ पूरा हुआ कार्य

## जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन, 50 प्रगणक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जनगणना राष्ट्र निर्माण का आधार" : कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा

जनगणना 2027 के राष्ट्रीय अभियान अंतर्गत कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी दिव्या उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले के 50 प्रगणकों द्वारा मकान सूचीकरण के महत्वपूर्ण कार्य को समय–सीमा से पूर्व और शत–प्रतिशत शुद्धता के साथ पूर्ण किया गया है।

जनगणना 2027 के इस महत्वपूर्ण कार्य को समयपूर्व शतप्रतिशत पूरा करने पर कलेक्टर मिश्रा ने सभी प्रगणकों को संयुक्त जिला कार्यालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह भविष्य की योजनाओं और राष्ट्र निर्माण का आधार है। उन्होंने प्रगणकों के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि निर्धारित समय से पहले लक्ष्य प्राप्त करना आपकी उत्कृष्ट कार्यक्षमता और टीम भावना का परिचायक है। आप सभी ने जमीनी स्तर पर जिस बारीकी से काम किया है, वह पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत है।





जनगणना 2027 अंतर्गत आज सम्मानित होने वाले प्रगणकों में डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम दानीटोला के प्रगणक टिकेश कुमार, ककरेल के प्रगणक श्री हलधर प्रसाद साहू, देवपाण्डुम के प्रगणक लालमनी साहू, रजही के प्रगणक ओमप्रकाश सोयाम, जमरूवा के प्रगणक सीमा डामले, ठेमाबुजुर्ग के प्रगणक गजेन्द्र कुमार रावटे, पेटेचुआ और रजोलीडीह के प्रगणक धनीराम बारले शामिल हैं।

इसी प्रकार दल्लीराजहरा के प्रगणक प्रेमलता कुलदीप, उत्तरा कोरेसी, राहुल कुमार बेलचंदन और उषा उर्वाशा शामिल हैं। चिखलकसा के प्रगणक प्राची, धर्मेन्द्र कुमार ठाकुर, विजयलक्ष्मी सोनी, हेमंत गुप्ता, खुश्बू साहू और जेएस ठाकुर शामिल हैं। डौण्डीलोहारा के ग्राम दुगऐंटोला के प्रगणक योगेन्द्र कुमार चुरेन्द्र, अर्जुन्दा तहसील के प्रगणक राजेश कुमार सेवता, लक्ष्मण कुमार साहू, तोरण लाल देवांगन, बालोद तहसील अंतर्गत प्रगणक मनीष कुमार देशमुख, रविकुमार साहू, भीखू राम निषाद, विजेन्द्र पिल्ले और संतोष कुमार विश्वकर्मा, गुण्डरदेही तहसील के ग्राम खुटेरी रंग के प्रगणक सोनल साहू, गुण्डरदेही की प्रगणक नेहा गुप्ता, गुरूर तहसील के ग्राम रूपुटोला के प्रगणक कमलकांत रत्न, पलारी के प्रगणक तामेश्वर लाल साहू, लाकेश्वरी साहू, मुकेश कुमार साहू, राधिका साहू, और अभिनव जंघेल शामिल हैं।

सम्मानित होने वाले प्रगणकों ने इस उपलब्धि का श्रेय जिला प्रशासन के सहयोग और निरंतर मिल रहे मार्गदर्शन को दिया। कलेक्टर मिश्रा ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को इसी ऊर्जा के साथ आगामी मुख्य जनगणना कार्य में जुटने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास जताया कि जिस तरह मकान सूचीकरण का कार्य रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ है, उसी तरह जिले के अन्य लक्ष्य भी समय पर हासिल किए जाएंगे।

**खबर संक्षेप**

### जामुल के हाई स्कूल डोम शेड में सुशासन तिहार शिविर कल

**जामुल।** नगर पालिका परिषद जामुल में सुशासन तिहार के तहत जनसमस्याओं के समाधान के लिए विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में नागरिक अपनी शिकायत, मांग और समस्याएं सीधे प्रशासन के सामने रख सकेंगे। सभी शिविर सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक चलेंगे। शिविरों का आयोजन अलग-अलग वार्डों में तय तारीखों पर किया जाएगा। 8 मई को हाई स्कूल डोम शेड में वार्ड 1, 2, 3, 4 और 6 के लिए शिविर लगेगा। 14 मई को प्राथमिक शाला रावण भाटा में वार्ड 5, 7, 9 और 10 के नागरिकों की सुनवाई होगी। 19 मई को एसीसी मंगल भवन में वार्ड 8, 11, 12, 13, 14 और 15 के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। 26 मई को मंगल भवन शिवपुरी में वार्ड 16, 17 और 18 के लिए शिविर लगाया जाएगा। वहीं 1 जून को सांस्कृतिक भवन, बाजार चौक सुरडुंग में वार्ड 19 और 20 के नागरिक समस्याएं रख सकेंगे।

### ढौर में सुशासन तिहार आज

**दुर्ग।** आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत ग्राम पंचायत के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला ढौर में 8 मई शुक्रवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया है। उक्त शिविर में सिरसाखुर्द, जेवरा, समोदा, भटगांव, कुटेलाभांठा, खपरी कु., करंजाभिलाई, झेंझरी, कचांदुर, ढौर, खेदामारा, बासीन, बोड़ेगांव, रवेलीडीह, अरसनारा, ननकठ्ठी ग्राम शामिल है। शिविर में जिपं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे को नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी जपं. मु.का.अधिकारी रूपेश कुमार पाण्डेय को नियुक्त किया गया है।

### लिपिकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**दुर्ग।** लेखा प्रशिक्षण सत्र जुलाई से अक्टूबर 2026 के लिए आवेदन पत्र स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित की गई है। अधिसूचना के अनुसार, लिपिक वर्गीय कर्मचारी जिनकी न्यूनतम 3 वर्ष की नियमित सेवा पूर्ण हो चुकी है, आवेदन करने के पात्र होंगे।

# किसानों को इस बार प्रति एकड़ 1 बोरी यूरिया व 1 बोरी डीएपी देने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले वर्ष किसानों को प्रति एकड़ 2 बोरी यूरिया एवं 1 बोरी डीएपी दिया गया। इस बार 1 बोरी यूरिया और 1 बोरी डीएपी देने की तैयारी की जा रही है। इसका किसानों ने विरोध किया गया। वहीं इस मामले में किसानों के समर्थन में कांग्रेसी कार्यकर्ता भी सामने आए हैं। कार्यकर्ता बुधवार को अहिवारा विस क्षेत्र अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मुरमुंदा, लिमतरा एवं नंदौरी का दौरा कर खरीफ फसल हेतु खाद की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर इस दौरान मौजूद थे।

ठाकुर ने बताया कि पिछले वर्ष 1 अप्रैल 2025 से 7 मई 2025 के बीच मुरमुंदा सोसायटी में डीएपी 323 बोरी, यूरिया 389 बोरी, सुपर फास्फेट 124 बोरी एवं पोटाश 109 बोरी, लिमतरा सोसायटी में डीएपी 143 बोरी, यूरिया 247 बोरी, सुपर फास्फेट 71 बोरी एवं पोटाश 18 बोरी तथा नंदौरी सोसायटी में डीएपी 540 बोरी, यूरिया 733 बोरी, सुपर फास्फेट 291 बोरी एवं पोटाश 155 बोरी का वितरण हो चुका था, जो उस समय भी अपर्याप्त था। इसके विपरीत, इस वर्ष 6 मई 2026 तक की स्थिति बेहद चिंताजनक है। अब तक किसानों को एक भी बोरी खाद का वितरण प्रारंभ नहीं किया गया है और न ही समितियों में पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित किया गया है। यह स्थिति स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि भाजपा सरकार किसानों की जरूरतों के प्रति पूरी तरह असंवेदनशील है। यह समस्या केवल दुर्ग जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रही है।

## किसानों ने किया विरोध, पिछले बार दिया गया था 2 बोरी यूरिया एवं 1 बोरी डीएपी

### किसानों को छल रही सरकार, कांग्रेस करेगी विरोध

ठाकुर ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में किसानों के साथ लगातार छल किया जा रहा है। जहां पिछले वर्ष किसानों को प्रति एकड़ 2 बोरी यूरिया एवं 1 बोरी डीएपी दिया जा रहा था, वहीं इस वर्ष उसे भी घटाकर केवल 1 बोरी यूरिया व 1 बोरी डीएपी दिए जाने की बात सामने आ रही है, जो सीधे-सीधे किसानों की उत्पादन क्षमता पर चोट है। ठाकुर ने उपस्थित किसानों से सीधी चर्चा भी की, जिसमें किसानों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक खाद वितरण शुरू नहीं हुआ है, जिससे बुवाई की तैयारी प्रभावित हो रही है। किसानों ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हर वर्ष खाद के लिए भटकना पड़ता है, लेकिन इस बार तो स्थिति और भी बदतर है।



### खरीफ सीजन में खाद-बीज के संकट के हालात बनेंगे

वर्तमान स्टॉक की स्थिति भी बेहद निराशाजनक है। नंदौरी सोसायटी में मात्र 52 टन यूरिया, 80 टन डीएपी, 30 टन सुपर फास्फेट एवं 22 टन पोटाश उपलब्ध है, जबकि मुरमुंदा सोसायटी में 13 टन यूरिया, 3 टन सुपर फास्फेट, 4 टन पोटाश एवं 40 टन एनपीके उपलब्ध है, वहीं डीएपी का स्टॉक शून्य है। यह स्थिति खरीफ सीजन से पहले ही भारी संकट का संकेत दे रही है। ठाकुर ने कहा कि बुवाई शुरू होने से पहले ही खाद की यह किल्लत किसानों को आर्थिक और मानसिक रूप से तोड़ रही है। भाजपा सरकार की नीतियों के कारण किसान हताश और निराश हैं,। इस दौरान हीरा वर्मा, उमेश साहू, जगदीश मारकंडे, धरम बर्रे, प्रवीण देवांगन, हेमंत साहू, राजा पाल, सत्यम, लेखराज पाल सहित अन्य मौजूद थे।

## शुद्ध पेयजल समस्या से निजात के लिए क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग पर जोर

# 279 आंगनबाड़ी के पास नहीं खुद का भवन किराए पर चल रही, सांसद ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सांसद विजय बघेल की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासन में जिले में चल रहे विकास कार्यों और जनता के हितों से जुड़े कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया। सांसद बघेल ने निर्देशित किया कि जिले में राज्य और केन्द्र शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो और योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। इस दौरान जिले की आंगनबाड़ी केंद्रों की रिपोर्ट सामने आई, जिसमें खुलासा हुआ कि जिले में इस समय 1550 आंगनबाड़ी केंद्र हैं, जिसमें से 1171 के पास खुद का भवन है। बाकी किराए के भवनों और अन्य माध्यमों से संचालित हो रहे हैं। इस पर सांसद ने भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भी भवन स्वीकृति के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। सांसद ने क्षेत्र के समग्र विकास, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने अधिक से अधिक पौधारोपण करने पर जोर देते हुए एक पेड़ मां के नाम और एक सोखता संतान के नाम अभियान के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए, ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जल संवर्धन को भी बढ़ावा मिल सके। बैठक के दौरान आयुक्त सुमित अग्रवाल, आयुक्त मोनिका वर्मा, जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद पंचायत सदस्यगण, समिति के सदस्य सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

**सांसद की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक में रखा गया रिपोर्ट कार्ड**



### पीएम आवास के अंतर्गत बन रहे मकानों के आसपास पौधरोपण

सांसद ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों में पौधारोपण को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही नगरीय निकायों में बिल्डिंग परमिशन देते समय रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप से प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने नगरीय निकायों के आयुक्तों को स्वयं क्षेत्र में जाकर कार्यों का निरीक्षण करने को कहा। साथ ही ग्राम पंचायतों में भी इस दिशा में गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के तहत हर घर में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर बल देते हुए अधिकारियों ने बताया कि निकुम, जेवरा-सिरसाखुर्द-भटगांव, चंदखुरी-कोलिहापुरी-पीसेगांव, अंजोरा-ढाबा, मोतीमपुर, ओदरागहन-सुरपा एवं कौही-रानीतराई समूह जलप्रदाय योजनाओं पर कार्य जारी है। सांसद ने लोगों को शुद्ध पेयजल जैसी समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए प्रमुखता से क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग करने को कहा।

### बारिश से पहले पशुओं के टीकाकरण पर दिया जोर

सांसद बघेल ने कृषि कार्यों को ध्यान में रखते हुए समय पर खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बारिश से पहले पशुओं का टीकाकरण गांव-गांव में शिविर लगाकर प्राथमिकता से करने को कहा। इसके अलावा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण करने तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जर्जर सड़कों की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सुधारने के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को खराब सड़कों का निरीक्षण कर शीघ्र सुधार कार्य सुनिश्चित करने को कहा।

### मनरेगा के कार्यों में लक्ष्य के अनुरूप मिला रोजगार

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, पीएम ग्रामीण आवास, सांसद आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण 1.0 एवं 2.0, अटल नवीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन 2.0, जल जीवन मिशन, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन, समग्र शिक्षा, राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम आदि की जानकारी दी। सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत 28 फरवरी तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 100 प्रतिशत मानव दिवस सृजित किए जा चुके हैं। वहीं मार्च से मई 2026 तक 65 प्रतिशत मानव दिवस उपलब्ध कराए गए हैं। सांसद श्री बघेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष अवधि में कार्यों में और तेजी लाई जाए, ताकि अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सके।

# शहर के 48 वार्डों में शत प्रतिशत राजस्व वसूली के लिए प्रभारी नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर महत्वपूर्ण आदेश जारी किए गए हैं। इसके तहत निगम के नियमित एवं प्लेसमेंट कर्मचारियों को विभिन्न वार्डों में प्रभार सौंपते हुए राजस्व वसूली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड सत्यापन, जनसूचना एवं अन्य सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।जारी आदेश के अनुसार सभी कर्मचारी अपने-अपने वार्डों में सक्रिय रूप से कार्य करते हुए नागरिकों से संपर्क स्थापित करेंगे और योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के साथ-साथ राजस्व वसूली कार्य को गति देंगे। उक्त कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी कर्मचारी राजस्व अधिकारी राजकमल बोरकर एवं प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी अभ्युदय मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्य करेंगे।

- आयुक्त के निर्देश पर कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय

अग्रवाल ने राजस्व विभाग के अमले की बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि 48 वार्डों में तैनात अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ क्षेत्र में भ्रमण करें और शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि वसूली कार्य में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी।

आयुक्त ने वार्डवार ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे घर-घर पहुंचकर करदाताओं से संपर्क करें, बकाया कर की जानकारी दें तथा समय पर वसूली सुनिश्चित करें। साथ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं राशन कार्ड सत्यापन जैसे कार्यों को भी प्राथमिकता से पूर्ण करें। सभी अधिकारी-कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी।

# किसानों ने उन्नत तकनीकों की जानकारी देने गांव-गांव पहुंचेंगे कृषि विभाग के विशेषज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में 20 मई तक विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ 2026 प्रारंभ होने के पूर्व कृषि कार्यो की तैयारी आधुनिक तकनीकों, किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न विभागीय योजनाओं फसलवार अनुशंसित मात्रा अनुसार संतुलित उर्वरक के प्रति जागरूक करने तथा किसानों के द्वारा फीडबैक के आधार कृषि अनुसंधान हेतु आवश्यक दिशा निर्धारण के उद्देश्यों से अभियान चलाया जाएगा।

- विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरुआत

जिले में इस अभियान के क्रियान्वयन के लिए कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन विभाग के अधिकारियों को शामिल कर 2 टीमें प्रति विकासखण्ड हेतु बनाई गई है। प्रत्येक टीम एक दिन में एक ग्राम में जाएगी एवं जिले में कुल 72 ग्रामों में शिविर आयोजित कर किसानों से सीधा संवाद करेंगी। साथ ही किसानों से खेती संबंधी समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान बनायेगी। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछलीपालन विभाग के अधिकारी विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानों के साथ साझा करेंगे, जिससे किसान शासन की योजनाओं का आसानी पूर्वक लाभ ले सकें। रथ की रवानगी प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं सांसद विजय बघेल, अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा ने हरी झण्डी दिखाकर की। इस अवसर पर आईसीएआर, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगण, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन विभाग के अधिकारीगण तथा कृषकगण उपस्थित रहे। जिले के किसानों से अपील की यह है कि वे इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर उन्नत कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करें तथा शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लें और वैज्ञानिकों से प्रत्यक्ष संवाद कर अपनी कृषि संबंधी समस्याओं का निराकरण पायें।



## बीएसपी में अब आसान नहीं होगा थर्ड पार्टी आवास आवंटन, अधिकारियों की बढ़ी मुश्किलें

**भिलाई।** टाउनशिप में अब थर्ड पार्टी को बीएसपी क्वार्टर के आवंटन कराना आसान नहीं होगा। आगे क्वार्टर अलाटमेंट के लिए सेल द्वारा नई पालिसी तैयार की जा रही है। इसके लिए दिल्ली की टीम द्वारा स्टडी किया जाना बताया जा रहा है। इस दौरान यहां थर्ड पार्टी को क्वार्टर अलाट नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते थर्ड पार्टी आवास के इच्छुक रिटायर होने वाले या हालिया रिटायर हो चुके वरिष्ठ अधिकारियों की परेशानी बढ़ जाएगी। यूनियन सूत्रों के मुताबिक बीएसपी द्वारा कंपनी के क्वार्टर बतौर थर्ड पार्टी रिटायर अधिकारियों या राज्य शासन के लोगों को बतौर थर्ड पार्टी अलाट किए जाते रहे हैं। इसके लिए 3 से 10 लाख रुपए सुरक्षा निधि जमा कराए जाते हैं। पिछले वर्षों के दौरान प्रबंधन द्वारा टाउनशिप में हजारों क्वार्टर थर्ड पार्टी को आवंटित किए जा चुके हैं। इससे बीएसपी को करोड़ों रुपए का रेवेन्यू मिल रहा है। लेकिन अब आगे थर्ड पार्टी अलाटमेंट की नीति बदलने की तैयारी से रिटायर अधिकारियों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी। हालांकि अभी तक इसके लिए स्थानीय या सेल प्रबंधन ने कोई आदेश जारी नहीं किया है लेकिन सूत्रों के मुताबिक अब तीसरा पक्ष आवंटन के लिए सेल पूर्व पालिसी को संशोधित करन की तैयारी कर रहा है। इसमें आवंटन बंद या कठिन हो सकता है। नीति बनने के बाद यूनिफाइड हाउस अलॉटमेंट पॉलिसी के अनुमोदन के बाद संबंधित संयंत्र-इकाइयां इसे लागू करेंगी। पहले से आवंटित थर्ड पार्टी आवास का भी रिव्यू करने का आदेश है। इसको खाली कराने में कहीं दिक्कत आ रही है सेल बोर्ड के पास मामला भेजा जाए। दूसरी ओर के मैनपॉवर, कांट्रैक्ट आदि का अध्ययन करने के लिए सेल कारपोरेट आफिस से एक टीम पहुंच चुकी है। सेल के एक अन्य प्लांट की स्टडी करने के बाद टीम भिलाई आई है। टीम यहां कुछ दिन ठहरकर बारीकी से अध्ययन करेगी। विभागों के मैनपॉवर आदि को लेकर रिपोर्ट तैयार करेगी।

# हैंड हेल्ड एक्स-रे से 112 लोगों की टीबी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। भिलाई-3 चरोदा नगर निगम क्षेत्र के हथखोज में विशेष जांच शिविर लगाकर 112 लोगों का एक्स-रे किया गया।

- हथखोज में चलाया गया विशेष जांच शिविर



खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर कुमार कठौतिया ने बताया कि शिविर में हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन के जरिए लक्षित वर्ग के लोगों की छाती की जांच की गई। टीबी के लक्षण जैसे लगातार खांसी, बलगम में खून, वजन घटना, हल्का बुखार बना रहना और इसके अलावा 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोग, बीपी-शुगर के मरीज, कैंसर, लीवर और किडनी जैसी बीमारियों से पीड़ित तथा धूम्रपान, तंबाकू और शराब का सेवन करने वाले भी जांच के दायरे में रखे गए हैं। टीबी हारेगा, देश जीतेगा अभियान के तहत बीमारी की समय पर पहचान और पूरा इलाज बेहद जरूरी है। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि समय पर दवा लेने से टीबी पूरी तरह ठीक हो सकती है, लेकिन लापरवाही गंभीर परिणाम तक ले जा सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि जिन मरीजों को पहले टीबी हो चुकी है, उनके परिवार के सदस्यों और जिनकी दवा चल रही है, उनकी भी नियमित जांच की जा रही है। संदिग्ध मरीजों के ट्रू-नाट सैंपल भी लिए जा रहे हैं।

शिवर में एलएचव्ही आर विश्वास, टीबी एचबी राहुल यादव, एमपीडब्लू हथखोज नारायण साहू, एमटी सतरूपा निर्मलकर, एएनएम हर्षा मानिकपुरी, मितानिन मनीषा निर्मलकर, पुष्पा साहू, आरती यादव, रूक्मिणी बंजारे, त्रिवेणी साहू, प्रमिला निर्मल कर, पदमीनी साहू, दीपिका वर्मा, स्वास्थ्य विभाग के सोनसीर देशलहरे, निवेश प्रधान, भूपेंद्र सिन्हा, एक्स-रे टैक्नीशियन भूपेंद्र कुमार साहू, डुमेशवर यादव, हिमांशु सूर्यवंशी का सहयोग रहा।

## गंभीर बीमारी के इलाज और बच्चों की पढ़ाई के लिए मांगी मदद

# जनदर्शन में आवास, पेयजल संकट को लेकर शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टोरेट सभागार में बुधवार को जनदर्शन के दौरान 104 आवेदन आए। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आवेदनों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, अवैध कब्जा हटाने, पेयजल की समस्या, गंभीर बीमारियों के लिए आर्थिक सहायता और मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आवास की समस्या को लेकर सबसे ज्यादा आवेदन आए। खपरी की एक महिला ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्के मकान की मांग की। आवेदिका ने बताया कि वह एक कच्चे और जर्जर मकान में रहने को मजबूर है, जिससे बरसात के दिनों में जान-माल का खतरा बना रहता है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह स्वयं मकान बनवाने में असमर्थ है। कलेक्टर ने जनपद पंचायत के अधिकारियों को पात्रता की जांच कर प्राथमिकता के आधार पर आवास स्वीकृत करने की प्रक्रिया शुरू करने को कहा।

- जनदर्शन में प्राप्त हुए 104 आवेदन

### पीएम आवास में अतिक्रमण की शिकायत

अवैध कब्जे के मामलों में स्मृति नगर क्षेत्र की एक महिला ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटित अपने मकान पर परिजनों द्वारा ही ताला लगाकर अवैध रूप से कब्जा करने की शिकायत की। इसके अतिरिक्त, ग्राम बघेरा और शीतला नगर बोरसी के निवासियों ने भी सार्वजनिक रास्तों और निजी भूमि पर अवैध कब्जे व बिना अनुमति 5जी टावर लगाए जाने का विरोध किया। कलेक्टर ने राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को इन मामलों में जाँच कर अवैध निर्माण और कब्जों को तत्काल हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



### लचर सफाई व्यवस्था को लेकर लोग पहुंचे कलेक्टोरेट

नपानि भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत एक अन्य आवेदन में मोहल्ले की सफाई और नालियों के संधारण की मांग की गई। नागरिकों ने बताया कि जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने से गंदगी फैल रही है, जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। जनदर्शन में प्राप्त अन्य आवेदनों में पेंशन, राशन कार्ड और भूमि संबंधी विवादों का भी उल्लेख रहा, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम और तहसीलदारों को मौके पर जाकर वस्तुस्थिति का जायजा लेने और निराकरण करने के निर्देश दिए।

### बीमार पुत्र के इलाज के लिए मां ने मांगी आर्थिक मदद

भिलाई की एक बुजुर्ग महिला ने अपने बीमार पुत्र के इलाज और परिवार के भरण-पोषण के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि उनके पुत्र की दोनों किडनियां खराब हो चुकी हैं, जिसके कारण वह काम करने में असमर्थ है। परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय होने के कारण घर का खर्च और बच्चों की शिक्षा का प्रबंध करना कठिन हो गया है। कलेक्टर ने इस संवेदनशील मामले पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में पेयजल आपूर्ति और सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध कब्जे की गंभीर शिकायतें प्राप्त हुईं। ग्राम अमलीडीह से पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में विशाल पानी टंकी का निर्माण हो गया है, लेकिन ग्रामीणों को नल से नियमित जल प्राप्त नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र पेयजल आपूर्ति शुरू करने की मांग की, जिस पर कलेक्टर ने पीएचई के कार्यपालन अभियंता को तत्काल स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# लोगों की शिकायतें और तत्काल समाधान के लिए वार्ड-60 में सुशासन तिहार आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 1 मई से 23 मई तक नगर निगम सीमा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं में पारदर्शिता लाना, उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं स्थल पर ही समाधान करना है, जिससे सुशासन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। 7 मई को शासकीय प्राथमिक शाला कातुलबोर्ड वार्ड 60 में शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसमें वार्डः 14 से 24, 47, 58, 59 एवं 60 नागरिक शामिल हो सकेंगे। शिविर में नागरिकों को राशन कार्ड, श्रमिक कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार कार्ड, सूर्य योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याओं के निराकरण की सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही शिकायत एवं मांग संबंधी आवेदनों का भी मौके पर समाधान किया जाएगा।

- वार्ड 14 से 24, 47, 58, 59, 60 के नागरिक हो सकेंगे शामिल



**खबर संक्षेप**

## चाकू से किया हमला पुलिस ने निकाला जुलूस



**भिलाई।** छावनी थाना क्षेत्र में चाकूबाजी का मामला सामने आया है। जिसमें जेल से छूटकर आए बदमाश ने रंजिश के चलते युवक पर हमला कर दिया। घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने तीन आरोपी युवकों को पकड़कर उनका झुलुस निकाला है छावनी पुलिस ने बताया कि सूर्या नगर केम्प 2 भिलाई निवासी हेमराज निषाद उर्फ प्रिंस फल मण्डी पावर हाउस में हमाली का काम करता है। बीती रात बाइक से नास्ता करने नंदनी रोड गया था। वापस आते समय नंदनी रोड से मार्केट मुड़ते समय शाहरूख खान के बाइक से टकरा गया। शाहरूख ने पीड़ित को गाली गलौज धमकी दिया था। घटना की 5 मई की रात 10.30 बजे पीड़ित मण्डी में अपना काम खत्म कर साथी हमाल के साथ घर जा रहा था। तभी मण्डी के बाहर शाहरूख खान पीड़ित को खोजते हुए गाली गलौज कर बाइक को ठोकर मारा कहते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। धारदार नुकीले हथियार से वार करने पर पीड़ित के बायां पसली में चोट आई है। हमला करने वाला युवक शाहरूख और उसके दो दोस्त के साथ गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपियों का पुलिस ने मोहल्ले में जुलूस निकाला और चौक पर ही उठक-बैठक भी करवाया।

## आईपीएल मैच में दांव दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** आईपीएल क्रिकेट जुआ में दांव लगाने वाले दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आईपीएल क्रिकेट मैच पर रुपए का दांव लगाने वाले रिसाई पारा, धमतरी निवासी मोहसिन खान, राहिल खान को गिरफ्तार किया है। इनके पास से मोबाइल, नगदी रकम 36,100 रुपए बरामद किया है।

पेज 11 का शेष

### संधारण अवधि में ही ...

अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पल्लवी सिंह ने कहा अभी ठेकेदार को नोटिस जारी की जा रही है आगे नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## भाजपा शहर मंडल की आत्मनिर्भर बैठक में संगठन मजबूती पर हुई चर्चा







**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बालोद की आत्मनिर्भर शहर मंडल बैठक के रूप में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि बैठक प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से मंडल के नवनियुक्त प्रभारी एवं जिला भाजपा मंत्री सुरेंद्र देशमुख ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं जनसंपर्क अभियान को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर यज्ञदत्त शर्मा एवं जिला मंत्री निशा योगी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा शहर मंडल के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**समाधान : दिव्यांगजनों के लिए मेडिकल बोर्ड लगाकर बनाए गए प्रमाण पत्र**

# जनसमस्या निवारण शिविर में मिले 256 आवेदन, 73 मामले का निराकरण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत गुरूर विकासखण्ड के नगर पंचायत कार्यालय परिसर पलारी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 256 आवेदनों में से 73 आवेदनों का निराकरण किया गया।

- समाज कल्याण विभाग ने बांटे श्रवण यंत्र और छड़ी
- विभिन्न विभागों की योजनाओं का मिला लाभ

इसके अलावा शिविर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 05 शिशुओ का अन्नप्राशन एवं 03 गर्भवती माताओं का गोद भराई, समाज कल्याण विभाग द्वारा 03 हितग्राहियों को ध्वनि श्रवण यंत्र एवं 05 हितग्राहियों को छड़ी का वितरण, मत्स्य विभाग द्वारा 01 हितग्राहियों को आईस बकेट, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 01 हितग्राहियों को निक्षय पोषण आहार एव 01 आयुष्मान कार्ड का वितरण और नगर पंचायत पलारी द्वारा 06 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया।



इस दौरान मेडिकल बोर्ड में शामिल विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने पहुँचे दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया गया। शिविर में अतिथियों के द्वारा बच्चों को स्वादिष्ट खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके अलावा गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई के रस्म को पूरा किया गया।

नगर पंचायत कार्यालय परिसर पलारी में आज आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के दौरान नगर पंचायत पलारी के सभी 15 वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे। शिविर में जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, लखनलाल गुरूपंच, नंदकुमार साहू, राजेश सोनबेर, मनीष गुरूपंच, अर्जुन सोनगुर्द, आशाराम, महेश साहू, प्रेम लाल गंगबेर, यानेश साहू, बसंत साहू, गजेन्द्र महमल्ला, संतोष कुर्रे, हेमलाल साहू, रोहित साहू, जगनू साहू, अशोक साहू, संतोष गंगबेर एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश साहू सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित थे। जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित करते हुए अतिथियों ने सुशासन तिहार एवं जनसमस्या निवारण शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने आम नागरिकों से शिविर में उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की भी अपील की।

## डीएमएफ मद के कार्यों में भ्रष्टाचार की आशंका, जनपद अध्यक्ष और सीईओ आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंडी

आदिवासी विकासखंड डोंडी में जिला खनिज न्यास संस्थान (डीएमएफ) मद से स्वीकृत कार्यों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीण अंचलों की ग्राम पंचायतों में स्वीकृत कार्यों के क्रियान्वयन को लेकर जनपद पंचायत अध्यक्ष और मुख्यकार्यपालन अधिकारी आमने-सामने नजर आ रहे हैं। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी सरपंचों के अधिकारों का हनन करते हुए बाहरी एजेंसियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

- प्रथम किश्त भुगतान को लेकर बढ़ा विवाद, सरपंचों पर बाहरी एजेंसी को काम देने का दबाव लगाने का आरोप

जानकारी के अनुसार कलेक्टर खनिज शाखा बालोद द्वारा 19 मार्च 2026 को डीएमएफ मद से जनपद पंचायत डोंडी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाते हुए ओपन जिम निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई थी। इसके बाद 23 मार्च को जनपद पंचायत डोंडी द्वारा ग्राम पंचायत घोटिया, मरदेल, भर्रीटोला-36, साल्हे के प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास सहित कामता ग्राम पंचायत अंतर्गत आदिवासी क्रीड़ा परिसर डोंडी, प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास एवं बालक छात्रावास क्रमांक 1 और 2 में ओपन जिम निर्माण कार्य का कार्यादेश जारी कर संबंधित सरपंचों को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया।

इसी बीच सरपंचों पर बाहरी व्यक्तियों को कार्य देने के लिए दबाव बनाए जाने की जानकारी सामने आई। इसे लेकर जनपद पंचायत डोंडी के अध्यक्ष मुकेश कोडो ने 13 अप्रैल को मुख्यकार्यपालन अधिकारी को पत्र लिखकर ओपन जिम, गारबेज रिक्शा एवं हाईमास्क लाइट कार्यों में भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए प्रथम किश्त के भुगतान पर रोक लगाने की मांग की थी।

इसके बावजूद आरोप है कि मुख्यकार्यपालन अधिकारी ने अध्यक्ष के पत्र को दरकिनार करते हुए 15 अप्रैल को क्रियान्वयन एजेंसी ग्राम पंचायतों को प्रथम किश्त के रूप में 4 लाख 49 हजार 497 रुपए का चेक जारी कर दिया। वहीं कुछ सरपंचों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि अधिकारियों के दबाव में ओपन जिम निर्माण की राशि बाहरी पार्टी को दे दी गई है। हालांकि अब तक न तो सामग्री पहुंची है और न ही निर्माण कार्य शुरू हुआ है।

सरपंचों का कहना है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सामग्री भुगतान एवं मानकों के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी शिकायत का जवाब पंचायत प्रतिनिधियों और सचिवों को देना पड़ेगा। ऐसे में कार्यों में गड़बड़ी होने पर कार्रवाई का खामियाजा स्थानीय पंचायतों को भुगतना पड़ सकता है।

गौरतलब है कि पूर्व कांग्रेस शासनकाल में भी डोंडी विकासखंड में डीएमएफ मद से बांस हस्तकला प्रशिक्षण, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन, कृषि प्रशिक्षण, ड्रैगन पौधारोपण, कंप्यूटर प्रशिक्षण और हाईमास्क सोलर लाइट जैसे करोड़ों रुपए के कार्य स्वीकृत हुए थे। आरोप है कि अधिकांश कार्य बाहरी एजेंसियों द्वारा किए गए और अनियमितताओं की शिकायतों के बावजूद आज तक किसी प्रकार की जांच या कार्रवाई नहीं हुई।

# प्रगति विद्यालय का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत, विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा



प्रगति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कक्षा पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया है।

कक्षा पांचवीं में कुल 21 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 17 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी तथा 4 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कु. निकिता पटेल ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हिमांशी ने 90.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान तथा कुणाल सिंह ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार कक्षा आठवीं में कुल 22 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें 19 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी एवं 3 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कु. त्रिप्ती देशमुख ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। कु. लावण्या देवांगन ने 86.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा कु. नोमिता साहू ने 85.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम पर संस्था अध्यक्ष हस्तीमल सांखला, सचिव फुलचंद डोसी, प्राचार्य राजकुमार देवांगन, संचालक ललित सिंह गौर, प्रधानाचार्य सुश्री कीर्तिबाला टांक, उमेंद कुमार सिन्हा, राधेश्यााम गंजीर, मूलचंद साहू सहित समस्त स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

## प्राथमिक-पूर्व माध्यमिक परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर खुंदनी का शत-प्रतिशत परिणाम

**गुरूर।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक प्रमाण पत्र शिक्षा जिला बालोद का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर खुंदनी का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। भैया दूवांश पिता ओमप्रकाश सोनभद्र और बहन नव्या साहू पिता गुमेश्वर साहू ने बालोद जिला में प्रवीण्य सूची में स्थान बनाया है। संकुल खुंदनी में प्रथम स्थान बनाते हुए भैया दूवांश ने 99 प्रतिशत अंक एवं बहन नव्या साहू ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर सरस्वती शिशु मंदिर खुंदनी का नाम गौरवान्वित किया है। बहन दिशा 94 प्रतिशत, ईशिका 92 प्रतिशत, गगनदीप 90 प्रतिशत, त्रिशा 89 प्रतिशत, किव्यांश 89 प्रतिशत, धनंजय 89 प्रतिशत, नेवेन्द्र 86 प्रतिशत, चिराग 86 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वही संत कबीर ज्ञान मंदिर से बहन लक्ष्मी साहू पिता विनोद कुमार ने 94.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम और बहन देवयानी नेताम ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। पूर्वीरानी 93.50 प्रतिशत, पलक और मेघारनी ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।



## आनंद पब्लिक स्कूल का पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल का कक्षा पांचवीं एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर कई स्थान हासिल किए। कक्षा आठवीं बोर्ड परीक्षा में पूर्वी साहू पिता खेमंत कुमार साहू ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया। जितेश कुमार ढाले ने 97.17 प्रतिशत अंक के साथ जिले में नवां तथा लक्षिता तारम ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा पांचवीं बोर्ड परीक्षा में वर्णिका जैन पिता अमित जैन ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला स्तर पर चौथा स्थान हासिल किया। आर्या जैन ने 97.50 प्रतिशत अंक के साथ पांचवां, निश्चल जैन ने 97 प्रतिशत अंक के साथ छठवां स्थान प्राप्त किया। मर्यादा देवांगन एवं वान्या जैन ने 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जिले में सातवां स्थान हासिल किया। मनल हरदेल ने 96 प्रतिशत अंक के साथ आठवां स्थान प्राप्त किया। उदाकीर्ति सोनी एवं दक्ष वैष्णव ने 95.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जिले में नवां स्थान हासिल किया, जबकि गोपाल कोरटे, काव्या सिंह एवं ऋषिकेश कनवर ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर सन्मति एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष प्रतीक जैन, उपाध्यक्ष संदीप जैन, सचिव दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन, नोपचंद जैन, रवि जैन, श्रीमती प्रभा जैन, पालक सलाहकार समिति अध्यक्ष उत्तम यदु, विद्यालय प्रबंधक हीराचंद राखेचा, प्राचार्य शाइनी मैथ्यू सहित समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## राजर्षि छत्रपति साहू महाराज की पुण्यतिथि पर ओबीसी महासभा ने दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौण्डीलोहारा

नगर पंचायत स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक के समीप ओबीसी महासभा (छत्तीसगढ़) के संयुक्त तत्वावधान में राजर्षि छत्रपति साहू जी महाराज की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई।

इस दौरान महासभा के पदाधिकारी एवं समाजजन एकत्रित होकर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की तथा मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि छत्रपति साहू जी महाराज समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने वाले दूरदर्शी शासक थे। उन्होंने शिक्षा में आरक्षण, पुनर्विवाह को कानूनी मान्यता तथा दलित एवं पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए अनेक क्रांतिकारी कदम उठाए। डॉ. धर्मेंद्र साहू ने कहा कि राजर्षि छत्रपति साहू जी महाराज सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक थे, जिनकी विचारधारा आज भी समाज को प्रेरित करती है।

वहीं पुनेश्वर देवांगन ने उन्हें वंचित वर्गों का मसीहा, आरक्षण का जनक एवं महान समाज सुधारक बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन सामाजिक समानता और शिक्षा के प्रसार के लिए समर्पित किया। कार्यक्रम में ओबीसी महासभा के पदाधिकारी, सदस्य एवं विभिन्न समाजों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## सुपेला के इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी आग, मशक्कत के बाद बुझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दक्षिण गंगोत्री सुपेला स्थित इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में अचानक आग लग गई। सूचना लगते ही अग्निशमन और आपातकालीन सेवा दुर्ग की टीम मौके पर पहुंची। आग बढ़ने से दुर्ग नगर निगम और बीएसपी की फायर टीम को भी बुलाया गया। मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक एवन इलेक्ट्रॉनिक शोरूम आग शोरूम के चौथे माले पर लगी थी।

- दक्षिण गंगोत्री सुपेला की घटना चौथे माले में लगी थी आग

उक्त माले पर भारी मात्रा में कार्टून भी पड़े थे। जिनमें इलेक्ट्रॉनिक सामान रखा हुआ था। इसके चलते आग तेजी से फैलने लगा। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगना जताया जा रहा है। फिलहाल जांच के बाद ही आग का असली कारण का पता चल पाएगा। घटना में अब तक किसी के हताहत होने या बड़े नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है। शोरूम में कितने का नुकसान हुअआ इसका आंकलन नहीं किया गया है। मौजूद टीम को आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। चौथे फ्लोर तक पहुंचने के लिए टीम को सीढी का सहारा लेने पड़ा। इसके चलते टीम को पहुंचने में देरी हुई। मौके पर दमकल की तीन वाहन पहुंचीं, लेकिन जगह की कमी और भीतर जाने का रास्ता छोटा होने से आग बुझाने वाली टीम को दिक्कत हुई। टीम ने टीन शेड हटाने का भी प्रयास किया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि शो रूम के चौथे माले पर आग लगी थी। निगम और बीएसपी की फायर टीम ने बुझाया। शार्ट-सर्किट से आग लगने का संदेह है। जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले 32 पान ठेलों व होटलों पर कार्रवाई

**भिलाई।** राज्य शासन द्वारा 11 मई तक 15 दिवसीय जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को खाद्य और औषधि प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा अभियान के दसवें दिन कोटपा एक्ट के अंतर्गत जिले के जुनवानी, नेहरू नगर और स्मृति नगर क्षेत्र में तम्बाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही कार्रवाई की गई। कोटपा एक्ट के उल्लंघन पर पान ठेलों और होटलों सहित 32 जगहों पर कार्रवाई की गई। इसी प्रकार खाद्य शाखा द्वारा जिले में संचालित कंफेक्शनरी, कैण्डी और चॉकलेट विक्रेता जिसमें मेसर्स पूजा स्वीट्स, मेसर्स जय बाबा ट्रेडर्स, गोपी स्वीट्स, लक्की स्वीट्स, लिंक रोड, पावर हाउस, भिलाई व मेसर्स मनोज कंफेक्शनरी, एएन प्रोडक्ट भिलाई-3 की जांच की गई। इसमें संचालकों को उचित साफ सफाई के साथ व्यवसाय संचालित करने के निर्देश दिए गए।

### 80 हजार के जेवरात फिर पार, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पाश कालोनी आम्रपाली वनांचल सिटी में दस दिनों के भीतर चार मकानो का ताला तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। मामले में यहां के एक ही चोरी का खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। आज्ञात के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया सी 320 आम्रपाली वनांचल सिटी हाऊसिंग बोर्ड भिलाई निवासी देव सिंह थापा परिचित की शादी में शामिल होने परिवार समेत झारसुगुड़ा गए हुए थे। अज्ञात ने ताला तोड़कर मकान से सोना चांदी के जेवरात को पार कर दिया। पीड़ित का भाई शादी से लौटकर आने पर मकान के भीतर प्रवेश किया। तो सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आलमारी में रखा गया चांदी का कड़ा, चांदी का बिछिया, चांदी का पायल, गुल्लक में रखा नगदी रकम, लेडिस घड़ी टाइटन कंपनी का, 02 लेडिस हैंड बैगश, 01 नग लोहे का खुखरी नहीं था। इसके अलावा पूजा स्थल से चांदी का लोटा, चांदी का सिक्का, चांदी का 2 हाथी आदि सामान पार हो गए हैं। चोरी गए सामानों की कीमत करीब 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### देशी कट्टा और दो लाख रकम के साथ एक गिरफ्तार

**भिलाई।** देशी कट्टा, जिंदा कारतूस और 2 लाख रुपये नगदी के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। घटना कुम्हारी थाना क्षेत्र का है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि एमडीडी 102 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कबीर नगर रायपुर निवासी अविनाश आष्टिकर 56 वर्ष खारून नदी के पास रेलवे ब्रिज के नीचे खड़ा होकर अवैध हथियार बेचने की फिराक में था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर अविनाश के पास से सफेद प्लास्टिक की बोरी में देशी कट्टा, नगदी रकम बरामद किया। अविनाश हथियार बेचने का प्रयास कर रहा था। जैसे ही पुलिस टीम पहुंची, अविनाश भागने का प्रयास कर रहा था। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। अविनाश से पुलिस ने जब पूछताछ किया तो उसके पास से कोई भी वैद्य दस्तावेज नहीं मिला है।

### दुकानदार को धमकी देकर लूटपाट, चार गिरफ्तार

**भिलाई।** दुकानदार के साथ लूटपाट कर फरार होने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी मेजर यादव 4 मई की सुबह उसके किराना दुकान में पहुंचे। जहां से चाय, पानी बोतल, गुटखा, सिगरेट लेने के बाद पैसे मांगने पर विवाद करने लगे। इस दौरान आरोपी जोन 2 खुर्सीपार निवासी श्याम रेड्डी ने धारदार हथियार दिखाकर पीड़ित को धमकाया।

---

**आयोजन : स्वामित्व योजना के अंतर्गत 11 हितग्राहियों को अधिकार पत्र वितरित**

# अर्जुनी में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित 721 आवेदनों में 636 का मौके पर निराकरण








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज गुरूर विकासखण्ड के ग्राम अर्जुनी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम पंचायत अर्जुनी सहित अर्जुनी कलस्टर में शामिल आसपास के 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण सम्मिलित हुए। ग्राम अर्जुनी में आयोजित शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 721 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 636 आवेदनों को मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत 05 हितग्राहियों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत 02 हितग्राहियों को जाल एवं आईस बॉक्स, सहकारिता विभाग अंतर्गत 03 हितग्राहियों किसान क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 02–02 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। इसी तरह समाज कल्याण विभाग अंतर्गत 04–04 हितग्राहियों को श्रवण यंत्र एवं छड़ी, राजस्व विभाग द्वारा स्वामित्व योजना अंतर्गत 11 हितग्राहियों को अधिकार पत्र का वितरण किया गया।

इसी तरह 02 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड, 05 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण पूर्णता प्रमाण पत्र का वितरण किया। इसके अलावा शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। इस दौरान मेडिकल बोर्ड में शामिल विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने पहुँचे दिव्यांगजनों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र भी बनाया गया। शिविर में अतिथियों ने बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई के रस्म को पूरा किया गया।



शिविर में आज जनपद पंचायत गुरूर के उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जिला पंचायत सभापति चंद्रिका गंजीर एवं तेजराम साहू, के अलावा जनपद सदस्य लता लक्ष्मी साहू, सुभद्रा ईशाप्रकाश साहू, तारादेवी ताम्रध्वज यादव, तानसिंह देहारी, मीना फत्तेलाल साहू, गणेश्वरी खगेन्द्र एवं ग्राम पंचायत अर्जुनी सरपंच हेमलता साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष डाकेश साहू, सचिव रामेन्द्र साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। दुर्गानंद ने गांव गांव, ढांबा में बिक रहे अवैध शराब का मुद्दा भी मंच से उठाया। जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर ने भीषण गमएँ के उपरांत भी शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति पर सराहना व्यक्त की। जिला पंचायत सदस्य चन्द्रीका गंजीर ने जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नीर चेतना अभियान के अंतर्गत संपूर्ण जीव–जगत के लिए पानी के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा इसका विवेकपूर्ण उपयोग करने की शपथ दिलाई। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को पानी के एक–एक बूंद का सदुपयोग करने के अलावा जल संरक्षण के कार्य में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू ने कहा कि शासन के मंशानुरूप शिविर में आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों को इस बात का विशेष ध्यान रखने को कहा।

अर्जुनी में आज आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम अर्जुनी, सोहपुर, सुर्रा, भानपुरी, बोड़रा, धनेली, रमतरा, पेंवरी, घोघोपुरी, बगदई, छेड़िया, भरदा, तारएँ, धोबनपुरी, सोरर, कपरमेटा, धनोरा, टेंगना बरपारा, बोरतरा और भूलनडबरी सहित 20 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण जन शामिल हुए थे।

### सुशासन दिवस में उठा किसानों की समस्या का मुद्दा, जर्जर मार्ग सुधार की मांग





**बालोद।** ग्राम खपरी में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ओरमा की सरपंच मंजूलता साहू ने बघमरा माइनर नहर किनारे जर्जर मार्ग और किसानों के आवागमन में हो रही दिक्कतों को लेकर अधिकारियों के समक्ष गंभीरता से मुद्दा उठाया। सरपंच द्वारा जिलाधीश कार्यालय बालोद को भेजे गए आवेदन पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्राम ओरमा के आश्रित ग्राम में नहर निर्माण के बाद खेतों तक पहुंचने वाला मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इससे किसानों को खेती–किसानी कार्य, वाहन आवागमन और फसल परिवहन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। पत्र में यह भी बताया गया कि जल संसाधन विभाग द्वारा अब तक किसानों के लिए सुगम और व्यवस्थित मार्ग की व्यवस्था नहीं की गई है। सुशासन दिवस में शिकायत उठने और आवेदन प्रस्तुत होने के तुरंत बाद जल संसाधन विभाग की ओर से सरपंच को स्थल निरीक्षण के लिए फोन किया गया। विभाग ने मामले का जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जल्द ही नहर किनारे जर्जर मार्ग का सुधार कार्य शुरू होगा और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

---

## भाजपा मंडल की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों को गति देने के उद्देश्य से प्रदेश नेतृत्व एवं बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख के निर्देशानुसार भाजपा मंडल रेंगाड़बरी की प्रथम मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ एवं शक्तिकेंद्र स्तर तक और अधिक मजबूत बनाना तथा जनसमस्याओं के निराकरण हेतु प्रभावी रणनीति तैयार करना रहा।

बैठक में भाजपा मंडल रेंगाड़बरी के प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ राज्य पूर्व पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य देवेन्द्र जायसवाल ने कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने के विभिन्न पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय होकर जनसमस्याओं के समाधान के लिए कार्य करना चाहिए। बैठक में पूर्व जिला पंचायत सदस्य होरी लाल रावटे, भाजपा मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेन्द्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, महामंत्री पूनमचंद जैन, जगत पाल सिन्हा, उपाध्यक्ष घनश्याम सिंह गोरे, हेमचंद धनकर, निरंजन कुमार पटौदी, चंद्रशेखर निषाद, जयेश जैन, अंकुश कुंजाम, खिलावन कुमार मंडावी, कोमल सिंह दुग्गा, शिवदयाल निषाद, संतोष कुमार गुप्ता, नोहर सिंह कुरेटी, डोमार सिंह नायक, अशोक कुमार साहू, धूप सिंह टेकाम, उपेंद्र कुमार साहू सहित भाजपा मंडल रेंगाड़बरी के वरिष्ठ एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## शिशु मंदिर लाटाबोड़ में 9 दिनी आचार्य प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

सरस्वती शिशु मंदिर लाटाबोड़ में 9 दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमे 65 प्रशिक्षार्थी दीदी भईयाओं ने सहभागीता निभा रहे है। शिविर में पांचवें दिवस रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अंचल के कवियों ने सारगर्भित रचनाओं के माध्यम से मार्गदर्शन किया।

अतिथियां ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया,, मासुल से आई कवयित्री कुसुमा साहू ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर शाब्दिक पूजा अर्चना की और फिर नशा जहर है गीत के द्वारा नशा से होने वाली हानियों का जीवंत चित्रण किया। युवा गजल कार जलज ताम्रकार गुण्डरदेही ने बचपन की यादों का चित्रंकन किया। राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवानिवृत प्राचार्य सीताराम साहू श्याम पैरी ने देशभक्ति, बेटी बचाओ पर कविता प्रस्तुत किया। पारा गांव के जयकांत पटेल ने मां, बेटी और वर्तमान विसंगतियों पर अपनी अभिव्यक्ति दी।

लाटाबोड़ निवासी कवि पुषण कुमार साहू ने पेड़ पौधों की भूमिका को मानव जीवन से जोड़ा और पानी को जिंदगी बताते हुए यह रचना पढ़ी। नाचा के पुरोधा पद्मश्री डोमार सिंह कुवर ने नाचा शैली में कविता प्रस्तुत किया। कवि सम्मेलन का संचालन केशव राम साहू ने किया। इस अवसर पर संयोजक कश्चित साहू, पूर्व संयोजक अर्जुन साहू, विनोद, जीवनलाल साहू, क्यामल, दिनेश उपस्थित थे।



## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत सिरसिदा में रोजगार दिवस का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत सिरसिदा में 07 मई 2026 को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रोजगार दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस कार्यक्रम भी संपन्न हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

- चावल महोत्सव, आवास दिवस और तालाब गहरीकरण कार्य में ग्रामीणों ने लिया उत्साहपूर्वक हिस्सा

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना तथा कृषि एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर पंचायत क्षेत्र के कला तालाब में तालाब गहरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया, जिससे जल संरक्षण और सिंचाई सुविधा को मजबूती मिलेगी। तालाब गहरीकरण कार्य में कुल 80 मजदूरों ने श्रमदान एवं कार्य सहभागिता निभाई। मजदूरों को रोजगार मिलने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे कार्यों से गांव में रोजगार के साथ-साथ विकास कार्यों को भी गति मिलती है।



सरपंच पंचायत सिरसिदा सरस्वती इन्द्रजीत चन्द्राकर, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकर, पंचायत सचिव मोती लाल साहू व पंचायत प्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा गांव के विकास कार्यों में सहभागी बनने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में पंचायत प्रतिनिधियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणजनों का विशेष सहयोग रहा।

---


**हसदा पंचायत में कार्य की जांच के लिए टीम गठित**

# सूचना के अधिकार की जानकारी के लिए भटक रहा आवेदक, हसदा पंचायत पर टालमटोल का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम पंचायत हसदा में सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी के लिए पंचायत ने आवेदक से राशि ले ली, अब जानकारी देने से आनाकानी कर रहा है। जानकारी देने के नाम पर पंचायत लगातार आवेदक को घूमा रहा है। पीड़ित आवेदक ने जनपद प्रशासन को आवेदन देकर जानकारी प्रदान करने की मांग की है।

ग्राम पंचायत हसदा बीते एक माह से विभिन्न मामलो में कथित अनियमित्ता, भ्रष्टाचार के आरोपो के कारण सुर्खीयो में रहा है। हसदा पंचायत में कार्य की जांच के लिए टीम भी गठित हो गई है। ग्रामीणो एवं पंचायत से जुड़े लोगो से पंचायत मे आर्थिक अनियमित्ता की शिकायत मिलने के बाद शिकायतो की सच्चाई जानने के लिए पंचायत के कागजातो की प्रमाणित प्रतियां प्राप्त करने स्थानीय पत्रकार ने आवेदन लगाया था।




आवेदक ने बताया कि आवेदन के बाद पंचायत ने चाही गई जानकारी के लिए राशि की मांग की। आवेदक के अनुसार उसने यह राशि 27 अप्रैल 2026 को जमा कर दी। पंचायत ने राशि प्राप्त कर उसकी रसीद भी आवेदक को दे दी। राशि लेने के दौरान पंचायत ने कहा फोटो कॉपी करने में समय लगेगा। एक दो दिन बाद जानकारी दे दी जाएगी। लेकिन पंचायत ने राशि लेने के 10 दिन बाद भी जानकारी प्रदान नही की है। कई बार पंचायत में जानकारी के लिए संपर्क करने के बाद भी पंचायत जानकारी उपलब्ध नही करा रहा है एवं लगातार धुमाया जा रहा है। आवेदक ने बताया कि पंचायत जानकारी देने की बात तो कह रही है, लेकिन लगातार समय आगे बढ़ाकर जल्द जानकारी देने की बात कह रही है। पंचायत की कार्यशैली से परेशान आवेदक ने मामले में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुरूर को आवेदन देकर जल्द जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की है। जनपद सीईओ उमेश रात्रे ने कहा आवेदन प्राप्त हुआ है। हसदा पंचायत से जानकारी मंगाकर आवेदक को नियमानुसार प्रदान की जाएगी।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411